**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PERIODIC TEST II (2023-24)**
**SUBJECT: HINDI (COURSE-B)**
**SUBJECT CODE: 085**

**No. of printed pages: 8**

**CLASS: IX** **MAX.MARKS: 80**
**DATE: 19/09/2023** **TIME: 3 HOURS**

---

सामान्य निर्देश:
* इस प्रश्न-पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'अ' और 'ब'।
* खंड 'अ' में वस्तुपरक प्रश्न हैं और खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
* इस प्रश्न-पत्र में कुल 19 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
* दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
* यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

## खंड-अ (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5=5)

जलज को पंकज भी कहते हैं, जो बड़ा सार्थक है। वह कीचड़ में उत्पन्न होता है, फिर भी सौंदर्य और आकर्षण का केंद्र है तथा प्रेरणा का पुंज है। उत्पत्ति स्थल की हीनता से वह स्वयं हीन नहीं होता है। सभी प्रकार की हीनता के भावों से अलग रहकर वह गर्व से अपना सिर ऊँचा किए रहता है। यह फूल चाहे किसी जंगल के कीचड़ में हो या किसी आलीशान महल के स्वच्छ सरोवर में, यह सदैव अनासक्त योगी के रूप में रहता है। पानी में खड़े रहने के बावजूद उसकी पत्तियों पर पानी की एक बूँद भी ठहर नहीं पाती। इस रूप में जलज हमारे लिए बहुत बड़ा गुरु और उपदेशक है। अधिक मान-सम्मान और धन प्राप्त करके हम कहीं अभिमान के नशे में चूर न हो जाएँ और कष्टकर परिस्थितियों में फँसकर हम कहीं निराशा की गहराइयों में डूबने न लगें। सुख और दुख में समान भाव से उनसे निर्लिप्त रहकर हमें जलज के समान अपनी सुगंध ही सर्वत्र बिखेरनी है और केवल जनहित के लिए जीवन जीना है। यही जलज का शाश्वत संदेश है। जलज प्रकाश का उपासक है। सूर्य के आगमन के साथ ही यह अपनी आँखें खोलता है और दिनभर उसकी ओर उन्मुख रहते हुए सूर्यास्त के साथ स्वयं ही अपनी पंखुड़ियों को समेट लेता है। सूर्य की किरणें सत्य और ज्ञान का प्रतीक हैं। अपनी इस प्रवृत्ति के माध्यम से कमल हमें सदैव सत्य का समर्थन और ज्ञान के अनुसरण का संदेश देता है।

(i) जलज को पंकज क्यों कहा जाता है ?
(क) पंकज बहुत सार्थक होता है।
(ख) वह प्रेरणा का स्रोत होता है।
(ग) वह पंक में जन्म लेता है।
(घ) उसमें सौंदर्य बढ़ जाता है।

(ii) सूर्य की किरणों को क्या माना गया है ?
(क) ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक
(ख) सत्य और ज्ञान का प्रतीक
(ग) प्रकाश और सत्य का प्रतीक
(घ) ज्ञान, सत्य और प्रकाश का प्रतीक

(iii) जलज का शाश्वत संदेश क्या है ?
(क) हर परिस्थिति में समान भाव रखते हुए परोपकारी बनना।
(ख) कठिन परिस्थिति में उपासक बनना और सुगंध बिखेरना।
(ग) कठिन परिस्थिति में आँखें खुली रखकर ज्ञान प्राप्त करना और सुख-दुख बाँटना।
(घ) हर परिस्थिति में समान भाव रखते हुए सुख-दुख बाँटना और अपकारी बनना।

P.T.O.

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए –

कथन (A) – पानी में खड़े रहने के बावजूद जलज की पत्तियों पर पानी की एक बूँद भी ठहर नहीं पाती।

कारण (R) – जलज दिनभर हमारी ओर उन्मुख रहता है।

विकल्प

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) जलज को किसकी उपासना करने वाला माना गया है ?

(क) सूर्य की
(ख) सत्य की
(ग) मनुष्य की
(घ) प्रकाश की

प्रश्न-2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5=5)

मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट-सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। इन गुणों का प्रभाव उसके जीवन पर पड़ता है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन तथा सदा सरल बनाते हैं। सादा जीवन या सादगी का अर्थ है – रहन-सहन, वेश-भूषा और आचार-विचार का निर्दिष्ट स्तर। जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रूप से करणीय हैं – प्रथम कठिन से कठिन परिस्थिति में धैर्य को न छोड़ना और द्वितीय अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना। सादगी का विचारों से भी घनिष्ठ संबंध है। हमें सादा जीवन जीना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों से और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत करते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है और उन्हें हावी नहीं होने देता। सादा जीवन व्यतीत करने वाले को कभी हतप्रभ होकर अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के जीवन का अंग है, वह बाहरी चीज़ नहीं है। महात्मा गांधी सादा जीवन पसंद करते थे और खादी के मामूली वस्त्र पहनते थे किंतु अपने उच्च विचारों के कारण ही वे संसार में वंदनीय हो गए।

(i) सादगी का आधार क्या होना चाहिए ?

(क) खादी को महत्त्व देना।
(ख) धैर्य और न्यूनतम आवश्यकता होना।
(ग) उदार और साहसी होना।
(घ) व्यक्ति को अहंकारी और सहज होना।

(ii) व्यक्ति की सच्ची पहचान कैसे होती है ?

(क) उसके विचारों से और उसके द्वारा किए गए कार्यों से
(ख) व्यक्ति के विचारों से और उसकी बातों से
(ग) उसके विचारों से और उसके धैर्य से
(घ) व्यक्ति के विचारों से और उसके साहस से

(iii) गद्यांश में मनुष्य को कैसा जीवन जीने की प्रेरणा दी गई है ?

(क) आरामदायक
(ख) स्वार्थपूर्ण
(ग) सादगीयुक्त
(घ) अहंकार से भरा

(iv) गद्यांश से संबंधित उचित वाक्य कौन-सा है ?

(क) विनय, साहस आदि गुण मनुष्य को अहंकारहीन और सरल बनाते हैं।

(ख) विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को असीमित रखता है।

(ग) मनुष्य को सादा जीवन न जीते हुए विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए।

(घ) मनुष्य में विनय, उदारता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अन्यावश्यक है।

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए –

कथन (A) – महात्मा गांधी संसार में वंदनीय हो गए।

कारण (R) – महात्मा गांधी उच्च विचार रखते थे।

विकल्प

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-3. निर्देशानुसार 'शब्द और पद' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए– (1x2=2)

(i) 'जीवन, वन, उपवन, सावन' — प्रस्तुत इकाइयाँ क्या हैं ?

(क) पद
(ग) पदबंध
(ख) शब्द
(घ) वाक्य

(ii) पद से संबंधित सही विकल्प कौन-सा है ?

(क) पद स्वतंत्र इकाई है।

(ख) वाक्य से पृथक होने पर शब्द ही पद बन जाता है।

(ग) ध्वनियों (वर्णों) के सार्थक समूह को पद कहते हैं।

(घ) जब किसी शब्द का प्रयोग वाक्य में होता है, तो वह पद बन जाता है।

प्रश्न-4. निर्देशानुसार 'अनुस्वार और अनुनासिक' पर आधारित बहुविकल्पीय तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए – (1x2=2)

(i) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए जिसमें अनुस्वार का प्रयोग होगा –

(क) रूपातरण
(ग) आचल
(ख) बाए
(घ) बाधना

(ii) निम्नलिखित विकल्पों में से अनुनासिक युक्त शब्द के लिए उचित विकल्प छाँटिए –

(क) रँग
(ग) दिनाँक
(ख) गाँठ
(घ) अँत

(iii) अनुस्वार और अनुनासिक युक्त शब्दों के लिए उचित विकल्प क्या होगा ?

(क) आंगन, डंस, वन्दन, लाँघना

(ख) आँगन, कांच, सांझ, लाँघना

(ग) देशातंर, डँस, सांझ, लाँघना

(घ) देशांतर, काँच, वंदन, जाँचकेंद्र

प्रश्न-5. निर्देशानुसार 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित बहुविकल्पीय पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए – (1x4=4)

(i) 'गरमाहट' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय के लिए उचित विकल्प क्या होगा ?

(क) हट
(ग) आहट
(ख) गरम
(घ) माहट

P.T.O.

(ii) 'अनेक' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग के लिए उपयुक्त विकल्प क्या होगा ?

(क) अन्
(ग) एक
(ख) अन
(घ) अ

(iii) निम्नलिखित विकल्पों में से 'अभि' उपसर्ग से बने शब्दों के लिए उचित विकल्प कौन-सा है ?

(क) अभ्यर्थी, अभीत, अभियान
(ग) अभियांत्रिकी, अभूत, अनभिज्ञ
(ख) अभ्यास, अभिन्नता, अभियोग
(घ) अभीष्ट, अभियंता, अभिनंदन

(iv) 'ई' प्रत्यय से बना शब्द कौन-सा है ?

(क) चुनौती
(ग) पढ़ाई
(ख) गरीबी
(घ) चतुराई

(v) निम्नलिखित विकल्पों में से 'सम' उपसर्ग और 'इक' प्रत्यय से बने शब्दों के लिए उचित विकल्प कौन-सा है ?

(क) समभाव, बौद्धिक
(ग) समकोण, लेखिका
(ख) सम्मान, वैश्विक
(घ) संन्यासी, नायिका

प्रश्न-6. निर्देशानुसार 'स्वर संधि' पर आधारित बहुविकल्पीय चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए – (1x3=3)

(i) 'परि+आवरण' से बने संधि शब्द के लिए उपयुक्त शब्द कौन-सा होगा ?

(क) पर्यवरण
(ग) परिवरण
(ख) पयार्वरण
(घ) पर्यावरण

(ii) वर्ग-अ को वर्ग-ब के साथ सुमेलित कीजिए और दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को छाँटिए –

| वर्ग-क | वर्ग-ख |
|---|---|
| (1) मूल्यांकन | (i) यण संधि |
| (2) परमौदार्य | (ii) गुण संधि |
| (3) परीक्षोपरांत | (iii) दीर्घ संधि |
| (4) व्याधि | (iv) वृद्धि संधि |

विकल्प-

(क) 1 (i), 2 (ii), 3 (iii), 4 (iv)
(ग) 1 (i), 2 (iii), 3 (ii), 4 (iv)
(ख) 1 (iii), 2 (iv), 3 (ii), 4 (i)
(घ) 1 (iii), 2 (ii), 3 (iv), 4 (i)

(iii) निम्नलिखित विकल्पों में से यण संधि का उदाहरण कौन-सा है ?

(क) सत्येन्द्र
(ग) स्वार्थ
(ख) स्वेच्छा
(घ) स्वागत

(iv) 'भविष्य' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(क) भो+इष्य
(ग) भू+इष्य
(ख) भौ+इष्य
(घ) भि+इष्य

प्रश्न-7. निर्देशानुसार 'विराम-चिह्नों' पर आधारित बहुविकल्पीय चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए –(1x3=3)

(i) निम्नलिखित में से 'उप विराम-चिह्न' है –

(क) [ ; ]
(ग) [ : ]
(ख) [!]
(घ) [ , ]

(ii) हाँ, यह तो धीरे-धीरे चल रही है। प्रस्तुत वाक्य में प्रयुक्त विराम-चिह्नों के लिए उपयुक्त विकल्प क्या होगा ?

(क) अर्द्ध विराम, लाघव-चिह्न और पूर्ण विराम
(ख) उप विराम, योजक-चिह्न और पूर्ण विराम
(ग) उप विराम, लाघव-चिह्न और पूर्ण विराम
(घ) अल्प विराम, योजक-चिह्न और पूर्ण विराम

(iii) अध्यापक ने कहा– छात्रो कल वाद विवाद प्रतियोगिता होगी – प्रस्तुत वाक्य में उचित स्थान पर विराम-चिह्नों के प्रयोग से युक्त वाक्य के लिए उचित विकल्प क्या होगा ?

(क) अध्यापक ने कहा, "छात्रो! कल वाद-विवाद प्रतियोगिता होगी ?"
(ख) अध्यापक ने कहा – "छात्रो! कल वाद, विवाद प्रतियोगिता होगी।"
(ग) अध्यापक ने कहा – "छात्रो! कल वाद-विवाद प्रतियोगिता होगी।"
(घ) अध्यापक ने कहा, 'छात्रो! कल वाद, विवाद प्रतियोगिता होगी ?'

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से जिस वाक्य में उपयुक्त स्थान पर विराम-चिह्नों का प्रयोग हुआ है, उस वाक्य को छाँटिए –

(क) महादेवी वर्मा ने "दीपक पर पतंग" कविता लिखी।
(ख) 'गोदान' एक मार्मिक उपन्यास है।
(ग) गांधी जी ने कहा, 'करो या मरो।'
(घ) मज़दूर दिन, रात मेहनत करता है।

प्रश्न-8. निर्देशानुसार 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेद' पर आधारित बहुविकल्पीय तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिए – (1x2=2)

(i) 'आपकी यात्रा मंगलमय हो।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य-भेद बताइए –

(क) इच्छावाचक वाक्य
(ख) आज्ञार्थक वाक्य
(ग) निषेधात्मक वाक्य
(घ) विधानवाचक वाक्य

(ii) संकेतवाचक वाक्य के उदाहरण के लिए उपयुक्त विकल्प क्या होगा ?

(क) यह कहानी की पुस्तक है।
(ख) यहाँ से चले जाओ।
(ग) काश! मैं भी उड़ सकता।
(घ) यदि अभ्यास करते, तो जीत जाते।

(iii) 'आज सागर भी आएगा।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य-भेद क्या होगा ?

(क) विधानवाचक वाक्य
(ख) इच्छार्थक वाक्य
(ग) संकेतवाचक वाक्य
(घ) आज्ञार्थक वाक्य

प्रश्न-9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए – (1x5=5)

जब अप्रैल में मैं बेस कैंप में थी, तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सुपुत्री डेकी के साथ हमारे पास आए थे। उन्होंने इस बात पर विशेष महत्त्व दिया कि प्रत्येक सदस्य और प्रत्येक शेरपा कुली से बातचीत की जाए। जब मेरी बारी आई, मैंने अपना परिचय यह कहकर दिया कि मैं बिलकुल ही नौसिखिया हूँ और एवरेस्ट मेरा पहला अभियान है। तेनजिंग हँसे और मुझसे कहा कि एवरेस्ट उनके लिए भी पहला अभियान है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि शिखर पर पहुँचने से पहले उन्हें सात बार एवरेस्ट पर जाना पड़ा था। फिर अपना हाथ मेरे कंधे पर रखते हुए उन्होंने कहा, "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो। तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए।"

(i) बेस कैंप में पर्वतारोहियों से मिलने कौन आया था ?

(क) कर्नल खुल्लर
(ख) उपनेता प्रेमचंद
(ग) तेनजिंग
(घ) शेरपा कुली

(ii) आगंतुक ने किस बात का विशेष ध्यान रखा ?

(क) दल के नेता और उपनेता से बात की जाए।
(ख) दल के हर सदस्य से बात की जाए।
(ग) केवल लेखिका से बात की जाए।
(घ) केवल शेरपा कुलियों से बात की जाए।

P.T.O.

(iii) लेखिका का उत्साह बढ़ाते हुए तेनजिंग ने क्या कहा था ?

(क) मैं भी पहले प्रयास में पहुँच गया था।

(ख) तुम्हें तो पहले ही प्रयास में शिखर पर पहुँच जाना चाहिए।

(ग) तुम पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो।

(घ) 'ख' और 'ग' दोनों विकल्प सही हैं।

(iv) तेनजिंग ने लेखिका के साथ अपना अनुभव क्यों बाँटा था ?

(क) लेखिका ने स्वयं को निडर कहा था।

(ख) लेखिका के चेहरे पर अवसाद था।

(ग) लेखिका ने स्वयं को नौसिखिया कहा था।

(घ) लेखिका को निरुत्साहित करने के लिए बाँटा।

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए –

कथन (A) – तेनजिंग पहले ही प्रयास में एवरेस्ट शिखर पर पहुँच गए थे।

कारण (R) – लेखिका ने तेनजिंग की प्रशंसा की।

विकल्प

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x2=2)

(i) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उपयुक्त कथन को चुनिए –

(क) अतिथि पाँच दिनों से लेखक के घर पर रह रहा था।

(ख) अतिथि का स्वागत करते समय लेखक को आघात लगा, जिसकी चोट मार्मिक थी।

(ग) कैलेंडर की तारीखें अपनी सीमा में विस्तार से फड़फड़ा रही थीं।

(घ) लेखक विगत दो दिनों से अतिथि को दिखा-दिखाकर तारीखें बदल रहा था।

(ii) बुढ़िया और संभ्रांत महिला का दुःख समान होते हुए भी दुःख प्रकट करने का तरीका भिन्न क्यों था ?

(क) आर्थिक असमानता के कारण

(ख) शिक्षा में असमानता के कारण

(ग) बीमार होने के कारण

(घ) आशावादी दृष्टिकोण के कारण

प्रश्न-11. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए – (1x5=5)

नाद रीझि तन देत मृग, नर धन हेत समेत।
ते रहीम पशु से अधिक, रीझेहु कछू न देत ॥ 1

बिगरी बात बनै नहीं, लाख करौ किन कोय।
रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय ॥ 2

(i) मृग संगीत पर मोहित होकर क्या करता है ?

(क) ऊँची छलाँग लगाता है।

(ख) प्राण न्योछावर कर देता है।

(ग) लय-ताल से चलता है।

(घ) अपने साथियों को बुलाता है।

(ii) प्रथम दोहे के माध्यम से कवि मानव को क्या सीख दे रहा है ?

(क) हमें अहंकार नहीं करना चाहिए।

(ख) धन देकर सबकी मदद करनी चाहिए।

(ग) हमें संदेह नहीं करना चाहिए।

(घ) दूसरों के गुणों की प्रशंसा करनी चाहिए।

(iii) दूसरे दोहे में कवि ने किसका उदाहरण दिया है ?

(क) मक्खन का
(ख) बिगड़ी हुई बात का
(ग) फटे हुए दूध का
(घ) घी का

(iv) दूसरे दोहे से क्या सीख मिलती है ?

(क) फटे हुए दूध से मिठाई बनाने की
(ख) बनी हुई बात को न बिगाड़ने की
(ग) सत्य बोलने की
(घ) फटे हुए दूध को मथने की

(v) दूसरे दोहे के आधार पर बताइए कि बिगड़ी हुई बात क्या करने पर भी नहीं बनती ?

(क) लाख प्रयास करने पर
(ख) मक्खन प्राप्त होने पर
(ग) फटे दूध को मथने से
(घ) मिलकर काम करने से

प्रश्न-12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x2=2)

(i) 'सुहागा' किसकी गुणवत्ता को बढ़ाता है ?

(क) धागे की
(ख) दीपक की
(ग) सोने की
(घ) चकोर की

(ii) 'गीत-अगीत' पाठ में 'अगीत' क्या है ?

(क) मौन अभिव्यक्ति
(ख) प्रसन्न होकर की गई अभिव्यक्ति
(ग) सस्वर अभिव्यक्ति
(घ) 'ख' और 'ग' दोनों विकल्प सही

## खंड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न-13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए – (3x2=6)

(क) समाज व्यक्ति के सुख-दुख में क्या भूमिका निभाता है ? क्या समाज ने भगवाना की बुढ़िया माँ के साथ न्याय किया था ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) एक अच्छे अतिथि में क्या-क्या गुण होने चाहिए ? अपने अनुभव के आधार पर लिखिए।

(ग) 'एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा' पाठ के आधार पर लेखिका की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न-14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए – (3x2=6)

(क) नट की क्या विशेषता होती है और कवि ने इनका उदाहरण क्यों दिया है ? कवि रहीम द्वारा रचित दोहे के आधार पर बताइए।

(ख) कवि रैदास द्वारा रचित दूसरे पद का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) गीत का आधार क्या है ? गीत और अगीत में से कौन सुंदर है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए – (3x2=6)

(क) लेखिका ने गिल्लू को किस संदर्भ में अपवाद कहा था और गिल्लू की अपवाद संबंधी प्रवृत्ति किस भावना को दर्शाती है ?

(ख) 'गिल्लू' पाठ में लेखिका ने गिल्लू का उपचार किया। उसके रहने और खाने-पीने का भी ध्यान रखा। हमें अपने पालतू पशु-पक्षियों की देखभाल करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए और पालतू पशु-पक्षियों की सुख-सुविधा के लिए आवश्यक सुझाव भी दीजिए।

(ग) जीव-जंतुओं के जीवन को संकट में डालने वाले स्वार्थी मनुष्यों को 'गिल्लू' पाठ से क्या शिक्षा मिलती है ?

P.T.O.

प्रश्न-16. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – (6x1=6)

(क) बढ़ते एकल परिवार

* समाज का बदलता रूप
* आर्थिक विवशताएँ और सीमित क्षेत्र
* परिणाम और सुझाव

(ख) समय : जीवन का अमूल्य धन

* समय अमूल्य धन व निरंतर गतिशील
* समय का सदुपयोग
* विद्यार्थी जीवन में समय का महत्त्व

(ग) सामाजिक संजाल (सोशल नेटवर्किंग) : वरदान या अभिशाप

* सामाजिक संजाल के माध्यम
* सोशल नेटवर्किंग के लाभ व हानियाँ
* उचित प्रयोग के लिए सुझाव

प्रश्न-17. आपका नाम कुंदन / काजल है। आप माध्यमिक विद्यालय में पढ़ते / पढ़ती हैं। आपके विद्यालय में चलाए जा रहे 'वृक्ष लगाओ,धरती हरी बनाओ' अभियान में अपनी भागीदारी का वर्णन करते हुए अपने दादा जी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (6x1=6)

अथवा

आपका नाम सुबोध / सुमन है। आप दिल्ली में रहते / रहती हैं। समय-नियोजन का महत्त्व बताते हुए छात्रावास, सूरत में रहने वाले अपने छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्रश्न-18. 'प्रातःकाल भ्रमण स्वास्थ्य के लिए वरदान है।' इस विषय पर दो मित्रों (रजत और रंजन ) के बीच हुए वार्तालाप को लगभग 100 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। (5x1=5)

अथवा

'चाँद की ओर बढ़ते भारत के कदम' विषय पर दो वैज्ञानिकों के बीच हुए वार्तालाप को लगभग 100 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।

प्रश्न-19. निम्न चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को लगभग 100 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन चित्र से ही संबद्ध होना चाहिए। (5x1=5)

